तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **खेमसिंह जोधा बनाम लो.सू.अ. (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर)** सू.अ.अ. अपील संख्या 50/2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27-04-2022	अपीलार्थी खेमसिंह जोधा, पता ग्राम/पोस्ट शिकारपुरा तहसील लूणी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 17.01.2022 में (1) जोधपुर जिले में उपखण्ड अधिकारियों के द्वारा उपयोग में लिये जा रहे राजकीय वाहनों के आवंटन वर्ष की प्रमाणित प्रति, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर प्रथम जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर शहर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर शहर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 321 दिनांक 21.03.2022 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रभारी अधिकारी, जिला पूल कार्यालय हाजा से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्र संख्या 267 दिनांक 10.03.2022 द्वारा कुल 01 पृष्ठ की प्रमाणित सूचना प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रेषित की जा चुकी है अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो, आदेश लिखाया गया।	

Signature Not Verified

Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.24 17:38:18 IST
Reason: SelfAttested